an>

Title: Need to include electrification of 300 villages, installation of 1000 handpumps, 50 tubewells and construction of 10 km metalled road in the list of project under MPLAD Scheme.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : अध्यक्ष महोदया, मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहना चाहता हूं कि अभी कुछ समय पहले हम लोग लोक सभा चुनाव जीतकर यहां आए हैं। मैं ग्रामीण क्षेत्र से चुनकर आता हूं। आज गांवों की हालत यह है कि वहां बिजली नहीं है, सिंचाई की सुविधा नहीं है और न ही सड़कें हैं। ये समस्याएं गांव-गांव में हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जिन गांवों में सिंचाई के साधन नहीं हैं, बिजली नहीं हैं और सड़कें नहीं हैं, संसद के इस सत्र के समाप्त होने से पहले प्रत्येक सांसद को अपने संसदीय क्षेत्र में कम से कम 1,000 हैंडपम्प्स, 50-50 नलकूप लगाने की अनुमति दी जाए। इसके साथ ही हर सांसद को अपने क्षेत्र में 300 गांवों का विद्युतीकरण करने और दस-दस किलोमीटर सड़क बनाने की भी अनुमति दी जाए। इससे हमारी सरकार का जनता में बेहतर संदेश जाएगा और जनता भी खुशहाल हो सकेगी।